इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, बुधवार, 18 नवम्बर 2026

मनुष्य अपने सबसे अच्छे रूप में सभी जीवों में सबसे उदार होता है, लेकिन यदि कानून और न्याय न हो तो वो सबसे खराब बन जाता है।
-अरस्तू

वर्ष 19 अंक 75 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

सापमान – अधिकतम 28.3°C (-0.1) न्यूनतम 13.2°C(+0.5) सेंसेक्स 82,532.19 (+427.40) निफ्टी 25,287.40 (+96.30) सोना 1,26,200 चांदी 1,90,000 मुद्रा – डालर 93.44 रियल 25.44 रियाल 25.02

एरा फेस्टा में कविता, नुक्कड़ नाटक और रंगों का संगम

एरा विश्वविद्यालय

⊙ क्रिकेट में पैंथर ने जीती ट्रॉफी



लखनऊ (सं)। किसी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का दिल जीता तो किसी ने नुक्कड़ नाटक के जरिए समाज की कुरीतियों पर चोट की। वहीं, कला प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने रंगों से अपनी कल्पनाओं को आकार दिया। एरा यूनिवर्सिटी के सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव एरा फेस्टा-2026 के छठे दिन साहित्य, कला, सामाजिक सरोकार और खेल प्रतिभाओं का शानदार संगम देखने को मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

साहित्यिक क्लब की ओर से मिनी ऑडिटोरियम में दास्तानगोई और मुशायरे का आयोजन किया गया। दास्तानगोई में साइंस फैकल्टी के दुर्फिशान और हसन बाकरी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज की उरूसा जफर और मिन्हाल हैदर दूसरे स्थान पर रहीं। मुशायरे में कौसर रिजवी, रेहान हैदर, नेहल अब्बास और सानिया जहरा विजेता बने। ग्रुप डिस्कशन में वॉरियर्स की उन्नति श्रीवास्तव ने पहला, स्मार्टन्स की उरूसा जफर ने दूसरा और मोहम्मद गुफरान मलिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोशल आउटरीच क्लब के नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों ने सामाजिक समस्याओं को उठाया। बेटी की डोली, दहेज की बोली प्रस्तुति के जरिए दहेज प्रथा पर चोट करने वाली एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। हक बराबर का प्रस्तुति दूसरे और दोषी कौन, समाज या जहान? तीसरे स्थान पर रही। विजुअल आर्ट्स क्लब की फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में साइंस फैकल्टी की फैजा हाशमी प्रथम, नर्सिंग की टिया दुबे द्वितीय और अरिशा डैनिश तृतीय रहीं। खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट फाइनल आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें फार्मेसी फैकल्टी की टीम पैंथर ने ट्रॉफी जीती, जबकि एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज की टीम उपविजेता रही। महोत्सव के जरिए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देने का अवसर मिला।